# क्राइम पेट्रोल

वर्षः 16 अंकः 187 देहरादून शनिवार 04 जून 2022 | livecrimepatrol@gmail.com | (RNI No. UTTHIN/2005/16772) पृष्ठः 8 मूल्यः 1 रूपये

## विजय जुलूस में उमड़ा जनसैलाब

विशेष संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की चंपावत उपचुनाव में ऐतिहासिक जीत पर भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं समेत आमजन में भारी खुशी की लहर दौड़ रही है। इस अवसर पर परेड मैदान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारी संख्या में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं समेत आमजन इस दौरान परेड मैदान में जुटे थे।



मुख्यमंत्री की उपचुनाव में जीत की खुशी में परेड मैदान से विजय जुलूस निकाला गया। इस दौरान विजय जुलूस परेड मैदान, सर्वे चौक, ईसी रोड, द्वारिका स्टोर, आराघर से बलवीर रोड स्थित भाजपा कार्यालय के रूट में पुलिस ने यातायात डायवर्ट किया था। उधर चंपावत उपचुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की रिकॉर्ड जीत से मसूरी में भाजपाइयों में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने शहीद भगत सिंह चौक पर मिष्ठान वितरित कर एक दूसरे को जीत की बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर चंपावत उपचुनाव में सीएम पुष्कर धामी को मिली ऐतिहासिक जीत के बाद थराली में भाजपा मंडल इकाई के कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न पटाखे फोड़कर मनाया वहीं ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने यहां मिठाईयां भी बांटी। आपको बता दें कि चंपावत उपचुनाव में सीएम पुष्कर धामी ने 55 हजार से अधिक मतों से रिकॉर्ड जीत हासिल की।

## सीमावर्ती जनपदों की आंतरिक सुरक्षा हुई मजबूत

विशेष संवाददाता

देहरादून। प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत बनाने और पलायन की समस्या को रोकने के लिए पुलिसकर्मियों को गृह जनपद में तैनाती देने का डीजीपी अशोक कुमार का निर्णय काफी सफल रहा है। अभी तक प्रदेश के छह सीमावर्ती जनपदों के कुल 722 मुख्य आरक्षी/आरक्षियों को अपने गृह जनपद में तैनाती दी गयी है।

पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए डीजीपी अशोक कुमार द्वारा स्थानान्तरण नीति में संशोधन कर प्रदेश के छह सीमावर्ती जनपदों में पुलिसकर्मियों को अपने गृह जनपद में तैनाती देने के निर्णय से पुलिसकर्मियों को लाभ मिला। कई पुलिसकर्मियों ने गांव में अपने नए घरों का निर्माण करवाया व कई कर्मियों ने पुनर्निर्माण कर अपने घरों को चमकाया। गांव में लोगों की संख्या में इजाफा होने से गांव की आर्थिकी में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि उत्तराखण्ड शासन के समन्वय से यह पहल प्रारम्भ की गयी है। प्रदेश के छह सीमावर्ती जनपदों में बढ़ते पलायन की समस्या थी। चीन और नेपाल की सीमा से सटे होने के कारण आंतरिक सुरक्षा की दृष्टि से यह बहुत महत्वूर्ण जनपद हैं। पूर्व में इन जनपदों में प्रशासनिक आधार पर स्थानान्तरण किया जाता था। अच्छे पुलिसकर्मी यहां जाने के इच्छुक नहीं थे, जो सही नहीं था। इन दोनों समस्याओं को देखते हुए यह निर्णय लिया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम दिखने को मिल रहे हैं। पुलिसकर्मी स्वेच्छा से अपने गृह जनपदों में तैनाती हेतु आवेदन कर रहे हैं। स्वेच्छा से जाने के कारण वे मन लगाकर कार्य कर रहे हैं और ड्यूटी के साथ–साथ अपने परिवार को भी समय दे पा रहे हैं। पुलिस के 722 परिवारों के इस रिवर्स पलायन से गांवों की भी रौनक बढ़ी है और सीमावर्ती जनपदों की आंतरिक सुरक्षा भी मजबूत हुई है, जिससे एक स्थायित्व आया है।

## मंदाकिनी नदी में फंसे छात्रों का एसडीआरएफ, पुलिस ने किया सफल रेस्क्यू

देहरादून, स्टाफ रिपोर्टर। एसडीआरएफ और अगस्त्यमुनि पुलिस ने नदी में फंसे दो छात्रों को सकुशल रेस्क्यू किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को थाना अगस्त्यमुनि द्वारा अवगत कराया गया कि विजय नगर डिग्री कॉलेज के पास नदी में 2 कॉलेज के छात्र फंसे हुए है। उपरोक्त सूचना प्राप्त होने पर एसडीआरएफ पोस्ट अगस्त्यमुनि से मुख्य आरक्षी आशीष डिमरी के नेतृत्व में टीम मय रेस्क्यू उपकरणों के तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। एसडीआरएफ टीम को मौके पर पहुंचकर पता चला कि उक्त छात्र विजय नगर डिग्री कॉलेज में अध्यन करते है। जो कि मंदाकिनी नदी में स्नान हेतु चले गए। नदी का जलस्तर बढ़ जाने के कारण उक्त दोनों छात्र नदी के बीच में फंस गए। एसडीआरएफ टीम द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर त्वरित रेस्क्यू कर उक्त दोनों छात्रों तक रस्सी के माध्यम से लाइफजेकेट व लाइफ बोया पहुंचाया गया। उसके उपरांत उक्त छात्रों को लाइफ जैकेट पहनने के पश्चात उन्हें रोप रिवर रेस्क्यू कर नदी के किनारे तक लाया गया। एसडीआरएफ पोस्ट अगस्त्यमुनि से रेस्क्यू टीम में मुख्य आरक्षी आशीष डिमरी, आरक्षी धीरज, मुकेश, नंदन, नवीन, चालक विपिन सिंह शामिल रहे।



## थानेदार व कांस्टेबल के बीच मारपीट

ngjknuA ड्यूटी लगाने को लेकर कांस्टेबल और थानेदार के बीच मारपीट हो गई। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने मामले का संज्ञान लेते हुए दोनों पर कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार रात्रि गश्त ड्यूटी लगाने को लेकर थानाध्यक्ष त्यूणी उनि कृष्ण कुमार तथा कां. लोकेंद्र के मध्य थाना त्यूणी परिसर में आपस में गाली गलौज व मारपीट की गई। जिसका संज्ञान लेते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा थानाध्यक्ष त्यूणी उनि कृष्ण कुमार तथा कां. लोकेंद्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए पूरे प्रकरण की जांच क्षेत्राधिकारी विकासनगर को सुपुर्द की गई है। क्लेमेंटटाउन थाने में तैनात उपनिरीक्षक आशीष रवियान को थानाध्यक्ष त्यूणी के पद पर नियुक्त किया गया है।

## नदी में डूबे दो किशोर, एसडीआरएफ और पुलिस ने देर रात चलाया सर्च ऑपरेशन

देहरादून, स्टाफ रिपोर्टर। नदी में नहाने उतरे दो छात्र गहरे पानी में उतरे, मगर बाहर नहीं निकल सके। गुलरघाटी नदी में नहाने उतरे दो किशोर गहरे पानी में डूब गए। देर रात तक एसडीआरएफ टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया और दोनों बच्चों के शव बाहर निकाले। संबंधित पुलिस ने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है।

जानकारी के अनुसार 3 जून को देर रात जनपद नियंत्रण कक्ष देहरादून द्वारा सूचित कराया गया कि हर्रावाला चौकी क्षेत्र अंतर्गत नकरौंदा जीरो पॉइंट के पास 4 बच्चे दोपहर में स्नान हेतु रवाना हुई थे। जिसमें से मात्र 2 बच्चे ही वापस आए है। मौके पर रवाना होने पर चीता पुलिस द्वारा बताया गया कि शेष 2 बच्चों के कपड़े नदी के किनारे मिले हैं। आशंका है कि दोनों बच्चे नदी में डूब गए हैं। एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता है। उक्त सूचना प्राप्त होने पर एसडीआरएफ की डीप डाइविंग टीम को तत्काल कॉन्स्टेबल दरमान सिंह के हमराह मय उपकरणों के घटनास्थल हेतु रवाना किया गया। घटनास्थल पर पहुंच टीम द्वारा सर्च ऑपरेशन आरम्भ किया। डीप डाइवर मातबर को गहन सर्चिंग हेतु पानी की गहराई में भेजा गया। देर रात होने के कारण टीम को सर्च ऑपरेशन में काफी दिक्कतें आ रही थी। परन्तु तमाम मुश्किलातों को दरकिनार कर एसडीआरएफ के डीप डाइवर मातबर द्वारा दोनों बच्चों के शव को गहराई से बरामद कर बाहर निकाला गया व जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया।

## छोटी-छोटी खबरें

### डा. कल्पना सैनी ने राज्यसभा सदस्य चुने जाने का प्रमाणपत्र प्राप्त किया

देहरादून। राज्यसभा सदस्य निर्विरोध चुने जाने के बाद डॉ. कल्पना सैनी ने शुक्रवार को विधानसभा भवन में विधानसभा के सचिव मुकेश सिंघल से राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने का सर्टिफिकेट प्राप्त किया। इसके उपरांत उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूड़ी भूषण से भेंट की व कई विषयों पर वार्ता भी की। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, देहरादून के मेयर सुनील उनियाल गामा सहित कई नेता व उनके परिवार के सदस्य मौजूद थे। विधानसभा अध्यक्ष ने पुष्प गुच्छ भेंट कर कल्पना सैनी को बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया।

### सांस नली में इमली की गुठली फंसने से बच्ची की मौत

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ में नगर के थरकोट में एक आठ वर्षीय बच्ची की सांस नली में इमली की गुठली फंस गई। परिजन मासूम को जिला अस्पताल ले गए जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हल्द्वानी ले जाते समय रास्ते में मासूम ने दम तोड़ दिया। थरकोट निवासी अंकिता पुत्री गणेश सिंह बीते शाम दुकान से इमली खरीद कर खा रही थी।इस दौरान गलती से उसने इमली की गुठली भी निगल ली, जो उसके गले में फंस गई। इससे सांस लेने में दिक्कत होने लगीध और कुछ देर बाद वह बेहोश हो गई। परिजन आनन–फानन बच्ची को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे।

### दिव्यांगता से ग्रसित व्यक्तियों को जारी होंगे प्रमाणपत्र

uluhrkyA महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड देहरादून के निर्देशों के क्रम में मानसिक दिव्यांगता से ग्रसित व्यक्तियों के लिए मानसिक दिव्यांग प्रमाण–पत्र निर्गत किये जाने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी भागीरथी जोशी ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खनस्यू में 04 जून, राजकीय इन्टर कॉलेज नथुवाखा रागगढ़ में 18 जून, महिला सभागार गरमपानी में 25 जून व सा0 स्वास्थ्य केन्द्र भीमताल में 02 जुलाई को पूर्वान्ह 10 बजे से चिकित्सकीय टीम अपर मुख्य चिकित्साधिकारी तृतीय, नोडल अधिकारी यू0डी0आई0डी0, डॉ0 जी0सी0 पाण्डे मनोचिकित्सक, बीडी0 पाण्डे नैनीताल, डॉ0 युवराज पंत मनोवैज्ञानिक, डॉ0 सुशीला तिवारी मेडिक कॉलेज, हल्द्वानी के साथ संबंधित कार्मिक–यू0डी0 आई0 डी0 कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी नैनीताल द्वारा आयोजित किया जायेगा।

## स्पीकर ऋतु खंडूडी भूषण ने लोकसभा अध्यक्ष से की भेंट

नगर संवाददाता

ऋषिकेश। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के उत्तराखंड आगमन पर उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश में लोकसभा अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने पुष्प गुच्छ भेंट कर लोकसभा अध्यक्ष का स्वागत किया। बता दें कि लोकसभा अध्यक्ष परमार्थ निकेतन के संस्थापक चिदानंद मुनि जी



महाराज के जन्म दिवस पर ऋषिकेश पहुंचे थे। इस दौरान ऋतु खंडूडी ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान लोकसभा अध्यक्ष एवं विधानसभा अध्यक्ष के बीच उत्तराखंड से संबंधित विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा वार्ता हुई। वहीं लोकसभा अध्यक्ष ने आहुत होने वाले बजट सत्र के संबंध में भी विधानसभा अध्यक्ष से जानकारी ली। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल भी मौजूद थे।

## डीएम ने यात्रियों को विश्राम स्थल पर ही टोकन वितरण किए जाने के निर्देश दिए



क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं को दुरूस्त किए जाने हेतु जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने ऋषिकेश भ्रमण कार्यक्रम के दौरान यात्रियों को शीतल पेयजल, बैठने, भोजन, टोकन वितरण, पंजीयन, प्रसाधन एवं सफाई आदि व्यवस्थाएं बेहतर बनाने के साथ ही यात्रियों को विश्राम स्थल पर ही टोकन वितरण किए जाने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही विभिन्न संगठनों/संस्थानों से नवाचारी हेतु सहयोग करने की अपेक्षा की गई थी।

जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में चारधाम यात्रा से जुड़ी प्रशासन की टीम द्वारा स्थानीय ट्रस्टी/संस्थाओं के गणमान्य के सहयोग से यात्रियों को सुव्यवस्थित रूप में निःशुल्क भोजन कराया जा रहा है। वहीं एक ट्रस्टी द्वारा मात्र 05 रू0 में यात्रियों को भरपेट भोजन कराया जा रहा है। यात्रियों को भोजन इत्यादि कराने में अनेक संस्थान एवं ट्रस्टी उत्साहित हैं, जबकि जल संस्थान द्वारा यात्रियों को सभी स्थानों में पेयजल आपूर्ति कराया जा रहा है। आईएसबीटी में पेयजल हेतु कैंपर, टैंकर, प्याऊ, आदि स्थापित कर पेयजल आपूर्ति की जा रही है। वहीं नगर निगम द्वारा आईएसबीटी परिसर में यात्रियों को बैठने हेतु बैंच आदि भी लगाये गए हैं तथा साफ–सफाई आदि कार्यों को भी सुव्यवस्थित रूप से किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने तैनात सभी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि बाहर से आने वाले चारधाम यात्रियों हेतु समुचित व्यवस्थाओं को सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाए ताकि किसी भी यात्री को किसी प्रकार की कोई कठिनाई ना हो इस बात को गम्भीरता से लेना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि टोकन वितरण में यह ध्यान रहे कि यात्री अपने समूह के साथ पंजीकरण करा सकें ताकि कोई यात्री समूह के साथ यात्रा कर पाए। जिलाधिकारी ने यात्रा ड्यूटी से जुड़े सभी कार्मिकों को अपनी दायित्वों को कार्य न समझकर बल्कि सेवा की भावना से निर्वहन करने को कहा। वहीं उन्होंने विभिन्न संस्थाओं/संगठनों द्वारा चारधाम यात्रा में आए यात्रियों के साथ नवाचार अपनाते हुए यात्रियों हेतु विभिन्न व्यवस्थाएं बनाने में प्रशासन का सहयोग करने पर सभी का आभार व्यक्त किया तथा अपेक्षा की अन्य संगठन भी इस प्रकार के सेवा भाव अपनाते हुए "अतिथि देवो भव" की हमारे देश परम्परा, सभ्यता का निर्वहन करेंगे।

## साहिया क्वानू मोटर मार्ग अब बाधित नहीं होगा

विकासनगर, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। अब बरसात के दिनों में साहिया क्वानू मोटर मार्ग पर आवागमन बाधित नहीं होगा। लोक निर्माण विभाग साहिया बरसाती नालों पर 6 पुलिया का निर्माण करा रहा है। जिससे ग्रामीणों को बरसात के दिनों में राहत मिलेगी। सीआरआईएफ योजना के अंतर्गत स्वीकृत 650 लाख रुपए की लागत से किलोमीटर 1 से 30 तक मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा रोड सेफ्टी के कार्य किए जा रहे हैं। जिसमें की किलोमीटर 1 से 30 के बीच बरसाती नालों पर 6 पुलियाओं का निर्माण भी करवाया जा रहा है। ग्रामीण कुंदन सिंह ने कहा बरसात के दिनों में आवागमन में काफी परेशानियां झेलनी पड़ती थी। बरसाती नाले उफान पर होने से मार्ग अवरुद्ध हो जाता था। ग्रामीणों की नकदी फसलें समय से मंडी नहीं पहुंच पाती थी। कई मरीजों को ले जाने में भी समस्या झेलनी पड़ती थी। इस मार्ग से कई गांव जुड़े हैं। साथ ही यह मार्ग हिमाचल प्रदेश को भी जोडता है। लोक निर्माण विभाग साहिया द्वारा मार्ग में बरसाती नालों पर पुलिया निर्माण करवाए जाने से ग्रामीणों को आवागमन में सुगमता मिलेगी। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता प्रत्यूष कुमार ने कहा साहिया क्वानू मोटर मार्ग पर पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें पांच पुलियों का निर्माण बरसात से पहले 30 जून तक पूरा करना है। इस मार्ग पर यातायात सुचारू किया जाना है। सीआरआईएफ योजना के अंतर्गत स्वीकृत 650 लाख रुपए की लागत से रोड सेफ्टी के कार्य किए जा रहे हैं।

## आपकी आवाज

**प्रिय पाठकों**

आप अपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार, जनहित से जुड़ी अनेकों समस्याओं से अवगत होते हैं। इसके लिए आवाज भी उठाते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार व काला–बाजारी के इस युग में आपकी आवाज यदि कहीं दबकर रह जाती है। क्राइम पेट्रोल आपके साथ मिलकर आपकी आवाज उठाएगा। आप कोई जानकारी व समाचार समेत किसी भी प्रकार की कोई सूचना हमें देना चाहते हैं, तो आपके सुझाव आमंत्रित हैं। भ्रष्टाचार को मिटाने की इस मुहिम में हम आपके साथ हैं। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। हमें संपर्क करें।

**क्राइम पेट्रोल लाइव:**

प्रवीन भारद्वाज– 9837625470

डीएवीपी ( भारत सरकार ) द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त

आर.एन.आई. रजि. नं० UTTHIN/2005/16772

डाक पंजी० नं० UA/0/DDN/609/2011-13

दूरभाष : 9837625470

फैक्स : 0135-2740155

ई-मेल: crimepatroleditor@gmail.com

visit:- https://crimepatrol.live

# कॉलेजदेखो ने उत्तराखंड के छात्रों का उच्च शिक्षा से जुड़े प्रश्नों को लेकर किया मार्गदर्शन

नगर संवाददाता

देहरादून। भारत और विदेशों में छात्रों का प्रवेश संभव करने वाले उच्च शिक्षा के सबसे बड़े प्लेटफॉर्म कॉलेजदेखो ने देहरादून में आयोजित अपने मीडिया से बातचीत कार्यक्रम के दौरान कॉलेजदेखो के सीईओ और सह–संस्थापक रुचिर अरोड़ा की अध्यक्षता में भारत की उच्च शिक्षा के इर्द–गिर्द चल रहे रुझान साझा किए तथा उत्तराखंड में प्रवेश पाने से जुड़ी कुछ अंतर्दृष्टियों के बारे में चर्चा की। रुचिर ने खुलासा किया कि कॉलेजदेखो ने अपने प्लेटफॉर्म पर उत्तराखंड के लगभग 300 कॉलेजों की जानकारी सूचीबद्ध की है। उन्होंने आगे बताया कि वर्ष 2015 से कॉलेजदेखो ने उत्तराखंड के एक लाख छात्रों को अपनी कौन्सिलिंग सेवा देकर सजग व सचेत करियर चुनने में उनकी मदद की है।




उच्च शिक्षा पर अखिलभारतीय सर्वेक्षण (एआईएसएचई) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए, जो वर्ष 2019– 2020 के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर 7.85: के मुकाबले उत्तराखंड में निजी और सरकारी कॉलेजों के प्रवेश में 10.90 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है, कॉलेजदेखो के सीईओ और सह–संस्थापक रुचिर अरोड़ा ने कहा, "उत्तराखंड के अंदर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में काफी संभावनाएं मौजूद हैं। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को अपनी प्रवेश प्रक्रियाएं डिजिटाइज और सरल करने की आवश्यकता है ताकि स्थानीय छात्रों को अपने आस–पास ही सही अवसर मिल सकें और अन्य राज्यों के ज्यादा से ज्यादा छात्र आकर्षित करने में आसानी हो। इसके परिणामस्वरूप उत्तराखंड के टैलेंट पूल और राज्य के राजस्व में वृद्धि होगी।"अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए रुचिर ने कहा, हम भारत का सबसे बड़ा उच्च शिक्षा प्रवेश मंच हैं और अपनी तरक्की के साथ–साथ हम उन जगहों में भी प्रवेश कर रहे हैं, जहां हमारी नजर में छात्रों और कॉलेजों को और ज्यादा सपोर्ट करने की जरूरत है। यह हमारे वर्तमान व्यावसायिक कार्यक्षेत्रों में परिलक्षित होता है, जो न केवल निर्बाध प्रवेश को सक्षम बनाते हैं, बल्कि कौशल और नौकरियों के मामले में भी बेहतरीन परिणाम देते हैं। मैं कॉलेजदेखो और शिक्षा के क्षेत्र में हमारे द्वारा पैदा किए जा रहे रोमांचक अवसरों के बारे में बात करने के लिए आज देहरादून में उपस्थित होकर उत्साहित हूं। कॉलेजदेखो ने एक समूचे इकोसिस्टम का निर्माण किया है, जहां छात्रों का एन्क्वायरी से लेकर प्रवेश और वित्तपोषण तथा नौकरी के लिए तैयार होने तक की उनकी संपूर्ण उच्च शिक्षा यात्रा के दौरान हाथ थामा जाता है और उनका मार्गदर्शन किया जाता है। कंपनी के पास 35,000 से अधिक सूचीबद्ध कॉलेजों का सबसे बड़ा डेटाबेस तथा 1500 से अधिक सहयोगी कॉलेजों का एक जखीरा मौजूद है। इसके प्लेटफॉर्मों पर भारत में कॉलेज से संबंधित लगभग 50: खोज की जाती हैं, जिससे यहां खोज करने वाले छात्रों की संख्या 25 करोड़ सालाना से ज्यादा हो जाती है। कॉलेजदेखो ने अपनी स्थापना के बाद से कई विषयों, कॉलेजों और देशों में लगभग 70,000 प्रवेश सुनिश्चित करते हुए पूरे भारत में 42 लाख से ज्यादा छात्रों को सफलतापूर्वक परामर्श दिया है।

# मैड की 11वीं वर्षगाँठ पर मिनी मैराथन में रिस्पना के लिए दौड़ेंगे दूनवासी

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। अपनी ग्यारवीं वर्षगाँठ की तैयरी में जुटी छात्रों की संस्था मेकिंग ए डिफरेंस बाय बीइंग द डिफरेंस (मैड) दून वासियों को शहर की सूखती नदियों के लिए जागरूक करने के लिए हर साल की तरह इस साल भी मिनी मैराथन का आयोजन कर रही है। हर साल अपने स्थापना दिवस पर मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन करती आ रही मैड संस्था इस बार अपनी ग्यारवीं वर्षगाँठ को एक तीन दिवसीय मेले के रूप में मना रही है जिसके कई अनोखे पहलू हैं। सर्वप्रथम, जो दौड़ आयोजित की जा रही है, वह एक जीरो वेस्ट कार्यक्रम होगा।

इस कार्यक्रम के प्रचार हेतु संस्था की ओर से कोई प्लास्टिक फ्लेक्स नहीं छपवाया गया है। उसकी जगह कपडे के ऐसे पोस्टर तैयार किये गए हैं, जिन पर पर्यावरण एवं नदियों के संरक्षण के सन्देश सदस्यों द्वारा ही बनाये गए हैं और तो और, संस्था का दावा है कि पिछली बार कि तरह इस बार भी दौड़ के दौरान किसी प्रकार के प्लास्टिक, जैसे कि प्लास्टिक के गिलास/प्लेट/चम्मच इत्यादि का प्रयोग नहीं किया जायेगा। उसकी जगह स्टील के बर्तन पूरे रस्ते में 6 जगह रखे जायेंगे जहाँ संस्था के ही स्वयंसेवी प्रतिभागियों को पानी पिलाने का काम स्टील के ग्लासों से करेंगे। इसके लिए संस्था ने शहर के विभिन्न गुरुद्वारों से गिलास देने का आग्रह किया है, जिसे व्यापक जनसमर्थन मिला है। इसके साथ ही, संस्था कि ओर से प्रतिभागियों के अल्पाहार कि व्यवस्था मैड के सदस्यों द्वारा ही की जा रही है। इस वर्ष दौड़ के मार्ग की कुल लम्बाई लगभग 8 किलोमीटर है। यह दौड़ पवेलियन ग्राउंड से शुरू होकर पवेलियन ग्राउंड पर ही समाप्त होगी (वृत्ताकार मार्ग)। दौड़ का मार्ग बुद्धा चौक, रेस कोर्स, सूरी चौक, पुलिस लाइन, आराघर, इ0सी0 रोड, और एश्ले हॉल से होते हुए जायेगा। इस दौड़ के प्रथम विजेता को पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 8000 का नकद पुरस्कार दिया जायेगा। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को 5000 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को 3000 का नकद पुरस्कार दिया जायेगा। दूसरे दिन, दून इंटरनेशनल स्कूल में शाम 4 बजे से एक आर्ट प्रतियोगिता रखी गयी है। इस प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन उसी समय किया जायेगा और इसमें सभी लोग भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के लिए किसी प्रकार की पार्टिसिपेशन फीस नहीं ली जाएगी। सभी प्रतिभागियों को सारा सामान वहीं उपलब्ध कराया जायेगा। इस प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकते हैं।

# मुख्यमंत्री धामी की ऐतिहासिक जीत जनता की जीतः महाराज



देहरादून, नगर संवाददाता। प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, लघु सिंचाई, पंचायतीराज, संस्कृति, धर्मस्व, ग्रामीण निर्माण, जलागम प्रबंधन मंत्री सतपाल महाराज ने चंपावत उपचुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ऐतिहासिक जीत पर उन्हें बधाई देते हुए कहा है कि उनकी यह जीत चंपावत ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की जनता की जीत है।

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने चंपावत विधानसभा उपचुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ऐतिहासिक जीत पर चंपावत की जनता को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी की यह जीत चंपावत की जनता के साथ साथ पूरे प्रदेश की जनता की जीत है और निश्चित रूप से उनकी इस जीत से चंपावत सहित पूरे उत्तराखंड का समग्र विकास होगा। श्री महाराज ने कहा कि चंपावत की जनता ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को विजय श्री दिला कर एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री मोदी जी की कल्याणकारी नीतियों में विश्वास व्यक्त किया है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार के विकास कार्य और देव तुल्य कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का ही परिणाम है जनता का आर्शीवाद और स्नेह लगातार हमें मिल रहा है।

# 7 प्रदेश प्रवक्ता और 14 मीडिया पेनलिस्टों की लिस्ट की जारी

देहरादून, नगर संवाददाता। उत्तराखंड की राजनीति में पैठ बढ़ाने के लिए आप की ओर से पदाधिकारियों को पदभार सौंपे गए हैं। आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित जोशी ने प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आम आदमी पार्टी की प्रस्तुति को मजबूत करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष दीपक वाली के अनुमोदन के बाद टीवी चैनलों पर परिचर्चा करने हेतु अधिकृत टीवी पैनलिस्ट और प्रदेश प्रवक्ताओं की लिस्ट जारी की। आम आदमी पार्टी ने गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्र से रविंद्र सिंह आनंद और देवेंद्र सिंह कोटलिया को मीडिया इंचार्ज बनाया है। पार्टी ने 7 नए प्रदेश प्रवक्ताओं की लिस्ट जारी की जिनमें राजू मौर्य प्रदेश प्रवक्ता, हेमा भंडारी प्रदेश प्रवक्ता, एडवोकेट महक सिंह सैनी प्रदेश प्रवक्ता, प्रदीप दुमका प्रदेश प्रवक्ता, अखिलेश टम्टा प्रदेश प्रवक्ता, संगीता शर्मा प्रदेश प्रवक्ता और पुष्पा चौहान प्रदेश प्रवक्ता। आम आदमी पार्टी ने आज 14 मीडिया पैनलिस्टों की लिस्ट भी जारी की जो आम आदमी का पक्ष मीडिया में रखेंगे, जिन लोगों को टीवी पैनलिस्ट की जिम्मेदारी दी गई है उनके नाम इस प्रकार हैं।

# उत्तराखंड को शीघ्र मिलेंगे 245 एमबीबीएस डॉक्टर

नगर संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड को शीघ्र ही 245 नये डॉक्टर मिलेंगे। इन डॉक्टरों को दुर्गम एवं पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित चिकित्सा इकाईयों में नियुक्ति दी जायेगी, जिसके निर्देश विभागीय उच्चाधिकारियों को दे दिये गये हैं। राज्य में संचालित चारधाम यात्रा में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और सुदृढ़ बनाने के दृष्टिगत आगामी तीन माह के लिये 25–25 डॉक्टरों को यात्रा मार्ग पर स्थित चिकित्सा इकाइयों में तैनात किया जायेगा, ताकि यात्राकाल में तीर्थ यात्रियों को स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सके। पर्वतीय क्षेत्रों में डॉक्टारों की नियुक्ति होने से लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहत्तर इलाज मिल सकेगा।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि शीघ्र ही राज्य को 245 एमबीबीएस डॉक्टर मिलेंगे। इन सभी डॉक्टरों को बॉण्ड व्यवस्था के अंतर्गत सूबे के दुर्गम एवं पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित चिकित्सा इकाईयों में नियुक्ति देने के निर्देश विभागीय उच्चाधिकारियों को दे दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य महानिदेशक द्वारा चिकित्सकों के नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है, जिसकी स्वीकृति मिलते ही सभी पास आउट चिकित्सकों को तैनाती दे दी जाएगी। डॉ0 रावत ने बताया कि राज्य में संचालित चारधाम यात्रा एवं कैलाश मानसरोवर यात्रा को देखते हुये यात्रा काल के लिये 25–25 डॉक्टरों को यात्रा मार्ग पर



स्थित जनपदों चमोली, रूद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, चम्पावत एवं पिथौरागढ़ में तैनात किया जायेगा। ताकि तीर्थ यात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सके। उन्होंने बताया कि बॉण्ड व्यवस्था के अंतर्गत जनपद चमोली में 39, उत्तरकाशी में 25, रूद्रप्रयाग में 25, पौड़ी गढ़वाल में 12, टिहरी गढ़वाल में 18, नैनीताल में 6, बागेश्वर में 29, चम्पावत में 25, पिथौरागढ़ में 25, अल्मोड़ा में 41 चिकित्सकों को नियुक्ति दी जायेगी। विभागीय मंत्री ने बताया कि स्थानांतरण सत्र 2022–23 में दुर्गम एवं पर्वतीय क्षेत्रों में तैनात पीएमएचएस संवर्ग के चिकित्साधिकारियों का स्थानांतरण सुगम क्षेत्रों में किया जाना प्रस्तावित है ऐसे में उनके रिक्त हुये पदों के सापेक्ष अधिसंख्य बॉण्डधारी चिकित्सकों का समायोजन किया जायेगा। डॉ0 रावत ने बताया कि वर्तमान में राज्य के तीन मेडिकल कालेजों से कुल 245 एमबीबीएस चिकित्सक पासआउट हुए हैं इन सभी को पूर्व में किये गये अनुबंध के तहत तैनाती देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए सूबे में बॉण्ड व्यवस्था लागू की है, इसके तहत डॉक्टरों को एमबीबीएस करने के बाद पहाड़ के अस्पतालों में पांच सालों तक सेवाएं देनी अनिवार्य है।

# परमार्थ आश्रम में रेलिगेयर फाउंडेशन बनाएगा मल्टीस्पेशलिटी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर

ऋषिकेश, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। परमार्थ निकेतन ऋषिकेश में शुक्रवार को स्वामी चिदानंद सरस्वती जी महाराज की 70वीं जयंती के समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आरईएल की कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रश्मि सलूजा ने कहा कि रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) की सहायक कंपनी, रेलिगेयर फाउंडेशन, परमार्थ आश्रम ट्रस्ट के साथ मिलकर 150 बेड वाला मल्टी–स्पेशियलिटी अस्पताल बनाने के साथ पर्यावरण के अनुकूल 50 बेड के आंखों का अस्पताल बनाया जाएगा। जहां देश–दुनिया के लोगों को चिकित्सा और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी। इतना ही नहीं परिसर में एक प्राकृतिक चिकित्सा और आयुर्वेद केंद्र शामिल होगा, जो पांच तत्वों आकाश, जल, अग्नि, वायु और पृथ्वी पर आधारित चिकित्सा पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसमें विभिन्न प्रकार के चिकित्सा, धार्मिक, शैक्षिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बड़ा सभागार भी तैयार किया जाएगा।

रेलिगेयर परिवार योग के महत्व और प्रभाव को पहचानता है। उसी को प्रोत्साहित करने के लिए परमार्थ आश्रम के प्रबंधन के सहयोग से फाउंडेशन, एक भव्य योग केंद्र बनाने की योजना बना रहा है, जिसमें 300 से अधिक लोगों के लिए सामूहिक योग और ध्यान सत्र का आयोजन किया जा सकेगा। समारोह पर आरईएल की कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रश्मि सलूजा ने कहा कि, हमें बेहद खुशी है कि हम अपने परम पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती जी महाराज की 70 वीं जयंती के समारोह का एक अभिन्न हिस्सा हैं। रेलिगेयर परिवार में हमारा दृढ़ विश्वास है कि एक स्वस्थ राष्ट्र एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था की नींव है। हम परमार्थ आश्रम ट्रस्ट के आभारी हैं जिन्होंने हमें भारत के विकास और प्रगति के आधार को आकार देने का अवसर दिया। स्वामी चिदानंद सरस्वती जी महाराज की 70 वीं जयंती के समारोह में भाग लेने वाले अन्य गणमान्य व्यक्तियों में आरईएल की कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रश्मि सलूजा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, रमेश भाई ओहजा, योग गुरु बाबा रामदेव, साध्वी भगवती और मुरारी बापू, गायक कैलाश खेर सहित कई साधू संत और हजारों श्रद्धालु व भक्त उपस्थित थे।

# वरिष्ठ नेताओं की जिम्मेदारी और कार्यकर्ताओं की सक्रियता का परिणाम है धामी की जीत

नगर संवाददाता

देहरादून। चंपावत विधानसभा उपचुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शानदार जीत हासिल की। सीएम धामी ने चुनाव में 55025 वोटों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। कांग्रेस प्रत्याशी निर्मला गहतोड़ी को 3233 वोट मिले। पहली बार कांग्रेस की इस सीट पर जमानत जब्त हुई। उल्लेखनीय है कि विधान सभा चुनाव में धामी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने एतिहासिक जीत दर्ज की, पर धामी स्वयं चुनाव हार गए थे। धामी के हारने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें ही मुख्यमंत्री बनाया और आज उन्होंने चंपावत में रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की। इस जीत के पीछे प्रमुख भूमिका रही भाजपा के संगठन मंत्री अजय कुमार की। अजय कुमार ने अपनी सांगठनिक क्षमता का परिचय देते हुए ऐसी ब्यूह रचना रची जिससे धामी की धमाकेदार जीत पक्की हो गई।



उन्होंने पूरे चंपावत विधान सभा को 5 मडलों में बांटकर एक एक मंत्री को उसका प्रभारी बनाया। हर मंत्री के साथ एक एक विधायक को जिम्मेवारी सौंपी और उनके साथ संगठन के लोगों को लगाया। विधान सभा क्षेत्र के कुल 131 बूथों पर उन्होंने पार्टी संगठन के वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेवारी सौपी और उन्होंने एक एक कार्यकर्ता को सक्रिय किया। इस तरह इस ऐतिहासिक जीत की पटकथा लिखी गई। विधान सभा के आम चुनाव के समय भी उनकी अदभुत सांगठनिक क्षमता देखने को मिली थी। आज उत्तराखण्ड में पार्टी संगठन एकजुट और मजबूत है तो उसमें प्रमुख भूमिका अजय कुमार की ही है।

# हरिद्वार में बिना अनुमति लाउडस्पीकर बजाना पड़ेगा भारी, लगेगा जुर्माना

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार में अब मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा या कोई अन्य धार्मिक स्थल पर अगर लाउडस्पीकर लगाना है तो अब जिला प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। अगर बिना अनुमति के लाउडस्पीकर बजाया तो आप पर जुर्माना लग सकता है और इस कार्य आपने दोहराया तो आपके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हो सकती है। हरिद्वार जिला प्रशासन ने नैनीताल हाईकोर्ट के आदेश के बाद यह फैसला लिया है। उप जिलाधकारी पूरण सिंह राणा ने बताया कि नैनीताल हाईकोर्ट और सरकार से निर्देश मिले हैं कि मंदिर, मस्जिद या गुरुद्वारा में अगर किसी को लाउडस्पीकर लगाना है तो आपको जिला प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। अगर कोई बिना अनुमति के लाउडस्पीकर लगाता है तो उसके खिलाफ 5 हजार से 25 हजार तक का जुर्माना लग सकता है। इसके साथ ही रात 10 से सुबह 6 तक लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया




जा सकेगा। इसकी अनुमति सिर्फ नवरात्रि या अन्य त्योहारों पर दी जा सकती है। एसडीएम ने बताया कि इसके लिए हरिद्वार को चार क्षेत्रों में बांटा गया है। इन क्षेत्रों के अलग–अलग ऑडियो लेवल तय किया है। अब हरिद्वार में लोगों को तय मानक अनुसार ही ऑडियो लेवल का इस्तेमाल करना है। अगर कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता है, तो नगर निगम, मजिस्ट्रेट या फिर पुलिस ऑफिसर इस पर जुर्माना लगा सकता है। कोई बार–बार उसको रिपीट करता है, तो उसके खिलाफ एफआइआर भी दर्ज की जा सकती है।

# उत्तराखंड को जल्द मिलेगा पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर




क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। राज्य में महामारी एवं आपदा जनित रोगों पर निगरानी, त्वरित रोकथाम व नियंत्रण हेतु इंटीग्रेटेड डिसीज सर्विलांस प्रोग्राम (आई.डी.एस.पी.) द्वारा राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, दिल्ली;स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार; सेण्टर फॉर डिजीज कण्ट्रोल (सी.डी.सी.) एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 2 से 4 जून तक देहरादून में किया जा रहा है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. शैलजा भट्ट ने बताया कि उत्तराखंड राज्य भौगोलिक परिस्थितियों के कारण भूस्खलन, बाढ़, भूकंप आदि विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं से ग्रसित रहता है जिससे संक्रामक, जलजनित व वेक्टर जनित रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया के महामारी के रूप में प्रसारित होने की संभावना रहती है। साथ ही जलवायु परिवर्तन के कारण भी विभिन्न रोगों के प्रसारित होने की संभावनाएं होती है। डॉ. भट्ट द्वारा जानकारी दी गयी कि उक्त चुनौतियों से निपटने एवं संक्रामक व आपदा जनित रोगों पर निगरानी, त्वरित रोकथाम व नियंत्रण हेतु राज्य में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र दिल्ली, भारत सरकार व सेण्टर फॉर डिजीज कण्ट्रोल एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के सहयोग से पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर की स्थापना की जाएगी। डॉ. सरोज नैथानी, निदेशक, राष्ट्रीय कार्यक्रम, स्वास्थ्य निदेशालय, उत्तराखंड ने कार्यशाला के दौरान बताया कि गत दो वर्षो में कोविड महामारी के प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम में राज्य एवं जनपद स्तरीय आई.डी.एस.पी. टीम का अहम योगदान रहा है। कोविड जैसी महामारियों के प्रभावी प्रबंधन के लिए आई.डी.एस.पी. टीम को प्रशिक्षण देना अत्यधिक महत्वपूर्ण है। जिसके लिए इस तरह की कार्यशाला एक मील का पत्थर साबित होगी। डॉ. नैथानी द्वारा बताया गया कि राज्य में अग्रिम पंक्ति में कार्य कर रहे स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं आम जनसमुदाय को भी पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी मैनेजमेंट में प्रशिक्षित किया जायेगा। उक्त बैठक में डॉ. हिमांशु चौहान, संयुक्त निदेशक एवं प्रभारी– आई.डी.एस. पी., राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र दिल्ली, भारत सरकार ने जानकारी देते हुए बताया कि कोविड–19 तथा आपदा जनहित रोगों के प्रभावी प्रबंधन हेतु पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर शीघ्र ही उत्तराखंड में स्थापित होने जा रहा है जिसके लिए भारत सरकार के एन.सी.डी. सी तथा सी.डी.सी. द्वारा तकनीकी सहयोग दिया जाएगा। कार्यशाला में आई.डी.एस.पी के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. पंकज कुमार सिंह, भारत सरकार के सी.डी.सी. प्रतिनिधि डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, डॉ. अमृता गुप्ताएवं इमरजेंसी मैनेजमेंट टीम तथा गढ़वाल मंडल के सभी जनपदों के आई.डी.एस.पी. यूनिट से जिला सर्विलांस अधिकारी, एपिडेमियोलॉजिस्ट, माइक्रोबायोलॉजिस्ट एवं उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यू.एस.डी.एम.ए.), पंचायती राज संस्थान, महिला सशक्तीकरण और बाल विकास विभाग, रेडक्रॉस आदि विभागों के अधिकारी एवं मेंटर्स के रूप में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग फैकल्टी, मेडिकल कॉलेज एवं यू. एस.डी.एम.ए. के अधिकारियों ने भाग लिया।

# धर्म रक्षक और मानवता के सच्चे सेवक थे गुरू अर्जुन देवः राज्यपाल गुरमीत सिंह



नैनीताल, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। सिखों के पांचवे गुरू अर्जुन देव के शहीदी दिवस के अवसर पर राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। एक सूक्ष्म कार्यक्रम में राज्यपाल ने शहीदों के 'सरताज' कहे जाने वाले वीर योद्धा श्रीगुरू अर्जुन देव जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे धर्म रक्षक और मानवता के सच्चे सेवक थे। उन्होंने राष्ट्र, एवं भारतीय समाज के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका बलिदान देश, समाज एवं मानवता के लिए महत्वपूर्ण है जिसे युगों–युगों तक याद किया जाता रहेगा। राज्यपाल ने कहा कि श्रीगुरू जी ने अपना जीवन धर्म और लोगों की सेवा में बलिदान कर दिया। वे दिन–रात लोगों की संगत में लगे रहते थे। वे सभी धर्मों को एक समान दृष्टि से देखते थे। उन्हें कई यातनाएं देने के बावजूद भी वे अपने सिद्धान्तों पर अडिग रहे जो हमें एक नयी सीख देते हैं। राज्यपाल ने कहा कि श्री गुरू ग्रन्थ साहिब के सम्पादन में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। गुरू ग्रन्थ साहिब का मुख्य संदेश समरसता, ज्ञान और विद्या है। गुरू अर्जुन जी का जीवन दर्शन भी समरसता से प्रेरित था। आज के युग में उनकी वाणी का एक–एक शब्द पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में बांधता है। उनके जीवन से परोपकार की भावना की सीख मिलती है। उन्होने संदेश दिया कि हमें अपनी कमाई का दशम (10 प्रतिशत) हिस्से को परोपकार, नेक एवं अच्छे कार्यों के लिए करना चाहिए। इस दौरान छबील का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही, परिसहाय श्री राज्यपाल मेजर तरुण कुमार, विशेष कार्याधिकारी बी0पी0 नौटियाल, कम्प्ट्रोलर प्रमोद चमोली के अलावा राजभवन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डिजिटल बैंक पोर्टफोलियो को किया मजबूत

देहरादून, नगर संवाददाता। अपने डिजिटल बैंकिंग प्रोडक्ट में वृद्धि करते हुए एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने ग्राहकों को क्रेडिट तक आसान पहुंच की पेशकश शुरू कर दी है। बैंक ग्राहक अब एयरटेल थैंक्स ऐप पर एक मिनट के अंदर ही मुथूट फाइनेंस से गोल्ड लोन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस साझेदारी से एयरटेल पेमेंट्स बैंक के ग्राहक मुथूट फाइनेंस से जीरो प्रोसेसिंग फीस के साथ बिना किसी परेशानी का सामना किए गोल्ड लोन प्राप्त कर सकते हैं। मुथूट फाइनेंस अधिकतम मूल्य प्रदान करने के लिए, गिरवी रखे गए सोने के मूल्य का 75 प्रतिशत तक ऋण के रूप में देता है। ग्राहकों को 50000 रुपये और उससे अधिक की ऋण राशि घर बैठे ही प्राप्त हो जाती है।

वित्तीय सहायता के लिए स्वयं के सोने के गहनों को गिरवी रखकर कोई भी गोल्ड लोन प्राप्त कर सकता है। विशेष रूप से अल्पकालिक आवश्यकता के लिए यह सुविधा उनके मौजूदा किसी भी निवेश को तोड़ने की परेशानी को दूर करती है। ऋण राशि का उपयोग किसी भी व्यक्तिगत या काम से संबंधित आवश्यकता के लिए किया जा सकता है। इसके अलावा, ऋण चुकाने तक संस्था द्वारा सोना सुरक्षित रखा जाता है। एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से, ग्राहक 3000 रुपये से शुरू होने वाली छोटी ऋण राशि के लिए और न्यूनतम सात दिनों से शुरू होने वाली छोटी अवधि के लिए आवेदन कर सकते हैं।

एयरटेल पेमेंट्स बैंक के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर गणेश अनंतनारायणन ने कहा कि गोल्ड लोन सुरक्षित ऋण हैं जिनका लाभ व्यक्तिगत से लेकर पेशेवर तक कई तरह की जरूरतों को पूरा करने के लिए लिया जा सकता है। एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से गोल्ड लोन तक आसान पहुंच प्रदान करने के लिए मुथूट फाइनेंस के साथ साझेदारी करके हमें खुशी हो रही है। मुथूट फाइनेंस द्वारा दी जाने वाली लचीली पे–बैक सुविधा इसे उन ग्राहकों के लिए एक बेहतरीन समाधान बनाती है, जो कम या लंबी अवधि के ऋण की तलाश में हैं। हम इस साझेदारी के लिए सकारात्मक हैं कि हमारे ग्राहकों को इससे फायदा होगा। साझेदारी के बारे में बोलते हुए, मुथूट फाइनेंस के ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने कहा कि हम ग्राहकों के लिए एक प्रभावी और विस्तृत ऋण समाधान लाने के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक के साथ हाथ मिलाते हुए उत्साहित हैं। यह साझेदारी उन ग्राहकों को सुरक्षित और किफायती ऋण तक पहुंच प्रदान करेगी जो अपनी सोने की संपत्ति के बदले में त्वरित नकदी की उम्मीद रखते हैं। हम ग्राहकों के लिए विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में और विभिन्न आकार में ऋण की एक विस्तृत श्रृंखला की सेवा प्रदान कर प्रसन्न हैं।

संपादकीय..............

# कश्मीरी ब्राह्मणों पर टारगेट किलिंग के विरुद्ध मौन प्रदर्शन

कश्मीरी ब्राह्मणों पर टारगेट किलिंग के विरोध में ब्राह्मण समाज महासंघ का धरना मौन प्रदर्शन आज गांधी पार्क राजपुर रोड देहरादून में कश्मीरी ब्राह्मणों पर जम्मू कश्मीर में लगातार हो रही टारगेट किलिंग के विरोध में ब्राह्मण समाज महासंघ के नेतृत्व में महासंघ के घटक संघठनो ने धरना, मौन विरोध प्रदर्शन कर केंद्र सरकार से कश्मीरी ब्राह्मणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इस अवसर पर महासंघ के संरक्षक पंडित लालचंद शर्मा ने कहा कि कश्मीर में वर्तमान में टारगेट किलिंग के कारण 1990 वाले हालत उत्पन्न हो गए हैं। कश्मीरी ब्राह्मण व गैर कश्मीरी भारी संख्या में पालन कर रहे है। उन्होंने कहा कि यदि यही हालत रहे तो जम्मू काश्मीर ब्राह्मणों से खाली हो जायेगा। महासंघ के मुख्य संयोजक ओपी वशिष्ठ ने कहा कि यदि समय रहते ब्राह्मणों ने इसके विरुद्ध सशक्त आवाज व विरोध नहीं उठाया तो हमारे कश्मीर के ब्राह्मण भाइयों पर भारी संकट खड़ा हो जायेगा। केंद्र सरकार तत्काल सख्त से सख्त कदम उठाए। अखिल भारतीय देवभूमि ब्राह्मण जन सेवा समिति की एक संरक्षक श्रीमती आभा बड़थ्वाल ने कहा की सरकार को ब्राह्मण समाज की सुरक्षा के उपाय धरातल पर करने होंगे सिर्फ इस विषय पर फिल्में बना कर कार्य समाप्त नही हो जाता 1990 दशक की घटनाओं पर फिल्में तो बना ली पर उन घटनाओं से सबक नही लिया आज पुनः कश्मीर से ब्राह्मण वर्ण पलायन करने पर मजबूर हो गया है। सांप निकल जाने पर लाठी पीटने से कुछ नही होगा। सरकार से मांग है कि और हत्याओं की प्रतीक्षा न करे। अविलम्ब कठोर से कठोर कार्यवाही कर ब्राह्मण जनों की रक्षा हो। महासंघ के महामंत्री अरुण शर्मा, प्रवक्ता डा. वीडी शर्मा, ब्राह्म भट्ट ब्राह्मण समिति से शशि शर्मा, अखिल भारतीय देवभूमि ब्राह्मण जन सेवा समिति से अनिता शर्मा, निशा शर्मा, कमलेश शर्मा, विचित्र सारस्वत, उमेश कौशिक, रमेश मिश्रा, अमित गोदियाल, डीके शर्मा, अभय उनियाल, संजय मिश्रा, अनुराग गौड, राजू ,नागेश रतूड़ी, राजेश शर्मा, एके पांडे, समेत अन्य मौजूद रहे।

# एयरएशिया इंडिया उत्तराखंड में केबिन क्रू की करेगा भर्ती

देहरादून, नगर संवाददाता। एयर एशिया इंडिया ने उत्तराखंड के देहरादून में केबिन क्रू के लिए भर्ती अभियान की घोषणा की। एयरलाइन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक घोषणा पोस्ट की, जिसमें आवेदकों को असाधारण ग्राहक सेवा देने और यादगार अनुभव बनाने के जुनून के साथ पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया गया। यह भर्ती अभियान सॉलिटेयर होटल, देहरादून में रविवार 5 जून को होगा। इस भर्ती में मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट (एचएससी) या प्री–यूनिवर्सिटी कोर्स (पीयूसी) प्रमाणन (10+ 2) वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं जिन्हें अंग्रेजी और हिंदी सहित लिखित और बोली जाने वाली भाषाओं पर अच्छी पकड़ हो, और उनके पास वैध भारतीय पासपोर्ट हो। अभ्यर्थियों को निर्धारित लंबाई और बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) मानदंडों को पूरा करना होगा। चूंकि सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा अधिग्रहण की भर्ती और संवारना एयर एशिया इंडिया की सर्वोत्तम ग्राहक सेवा प्रदान करने की रणनीति का मूल है, इसलिए एयरलाइन दिल्ली, बेंगलुरु और पुणे में केबिन क्रू के लिए भर्ती अभियान आयोजित कर चुकी है, और अब इसे उत्तराखंड में भी आयोजित किया जा रहा है। चयनित उम्मीदवारों की चिकित्सकीय एवं पृष्ठभूमि जाँच की जाएगी जिसके बाद वो एयर एशिया इंडिया की व्यापक 100 दिवसीय केबिन क्रू प्रशिक्षण प्रक्रिया के लिए पात्र होंगे, जिसमें केबिन सुरक्षा और सेवा प्रदान करने में विशेषज्ञता प्रदान की जाती है। कठोर प्रशिक्षण अभ्यर्थियों को भूमिका और जीवन शैली की दृष्टि से पेशेवर चालक दल के सदस्य बनने के लिए तैयार करता है जो चालक दल और उनके अपने परिवार के लिए व्यापक यात्रा और उड़ान भत्ते के साथ दुनिया भर में प्रेरणादायक और प्रतिष्ठित है। इसका प्रशिक्षण बेंगलुरु में एयरलाइन के अत्याधुनिक रेड विंग्स प्रशिक्षण केंद्र में दिया जाता है और दिल्ली में ड्रिल सेशन होता है। प्रोग्राम के अंत में, उन्हें आधिकारिक तौर पर स्नातक समारोह में उनकी विंग्स दी जाती है। एयर एशिया इंडिया केबिन क्रू बनना केवल एक सर्विस ही नहीं है।

# जंगल की आग की जद में आने को था गैस गोदाम, फायर ब्रिगेड ने पाया आग पर काबू



नई टिहरी, नगर संवाददाता। जिला मुख्यालय में छमुंड और बौराड़ी अस्पताल के पास जंगल में शुक्रवार दोपहर को अचानक आग भड़क गई। कुछ देर में ही आग इंडेन गैस गोदाम के नजदीक पहुंच गई, जिससे गैस गोदाम खतरे की जद में आ गया। आग की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे फायर बिग्रेड ने चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग काबू की। इस दौरान वहां कोई भी वन कर्मी नजर नहीं आया। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे अग्निशमन विभाग को छुमंड के जंगल में आग लगने की सूचना मिली। जब तक फायर बिग्रेड वहां पहुंची तब तक जंगल की आग इंडेन गैस गोदाम के काफी नजदीक पहुंच गई थी। अग्निशमन कर्मियों ने बमुश्किल आग काबू की तो इसके बाद आग आईटीआई के नजदीक से बौराड़ी अस्पताल के पास तक पहुंच गई। लीडिंग फायर मैन नजाकत अली ने बताया कि चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पूरी तरह से बुझा दी गई। इस दौरान वहां वन विभाग का कोई भी कर्मचारी नजर नहीं आया। इस बाबत डीएफओ वीके सिंह ने कहा कि ज्यादातर कर्मचारी काणाताल साइकिल ट्रेक के उद्घाटन में गए थे। अग्निशमन विभाग ने आग बुझा दी है, जिससे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। वहीं, बारिश बंद होने के एक सप्ताह बाद फिर से ब्लाक कीर्तिनगर के नैथाणा के जंगल आग में जलने शुरू हो गए हैं। रेंज कार्यालय से करीब तीन किमी दूर स्थित जंगल में सुबह से आग लगी है जो करीब दो किलोमीटर वन क्षेत्र में फैल चुकी है।

# सीडीओ ने की अमृत सरोवर के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा

नैनीताल, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। मुख्य विकास अधिकारी डॉ संदीप तिवारी ने जनपद में अमृत सरोवर के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से विकास भवन सभागार भीमताल में जानकारी प्राप्त करते हुए समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि माह जून में सचिव जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा समीक्षा बैठक प्रस्तावित है जिसके लिये अधिकारी अमृत सरोवर के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों का विवरण, फोटोग्राफ, विडियोग्राफी एवं वर्तमान में किया गया। नया प्लान को शीघ्र जल संस्थान को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में स्वीकृति प्राप्त हो गई है। उनमें कार्य शीघ्र प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें एवं जो स्वीकृति कतिपय कारणों से अभी तक प्राप्त नहीं हई है उन्हें अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर के तहत जो भी कार्य किये जाते हैं उनमें सम्बन्धित एनजीओं को भी शामिल करें, एवं अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करें व अधिक से अधिक चाल–खाल, रिचार्ज पिट एवं पानी के जलस्त्रोत सूखने की कगार पर हैं उन्हें पुनः जीवित करने पर कार्य करें एवं कार्यों की फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में डीएफओ दिनकर तिवारी, सहायक प्रयोजना अधिकारी शिल्पी पंत, मुख्य कृषि अधिकारी वीके यादव, ईसी स्वजल जितेन्द्र कुमार भाष्कर, आरपी टम्टा, डॉ विशाल दत्ता, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई केएस चौहान, एई जलसंस्थान आरपी, खण्ड विकास अधिकारी उमाकान्त पंत के साथ अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद थे।

# सड़क निर्माण कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण करने के दिए निर्देश

रूद्रपुर, नगर संवाददाता। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने एनएचएआई तथा लोनिवि के अधिकारियों के साथ जिला कार्यालय सभागार में सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा करते हुए जनपद में यातायात को सरल, सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए एनएचएआई तथा लोनिवि के अधिकारी सड़क निर्माण कार्यों को वर्षा से पूर्व त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिये। डीएम युगल किशोर पन्त ने सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान गदरपुर बाईपास निर्माण कार्य में प्राथमिकता से 2 लेन रोड शुरू करने के निर्देश दिये। उन्होंने काशीपुर मार्ग, गदरपुर में दिनेशपुर व गुलरभोज मार्ग में गड्ढे भरान व टूटी सड़कों का कार्य कराने के निर्देश दिये। उन्होंने मटकोटा मोड रोड निमार्ण कार्य हेतु लोनिवि को स्टीमेंट बनाकर कार्य करने तथा एनएच के अधिकारियों को उक्त कार्य हेतु लोनिवि को धनराशि आवंटित करने के निर्देश दिये। उन्होंने काशीपुर व गदरपुर मार्ग में निर्धारित स्थानों पर बिजली के तारों एवं अन्य लाईनों को भूमिगत करने के निर्देश सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिये। डीएम ने गड्ढे भरान के लिए कोसी नदी, तलाबों व तुमड़िया डैम से मिट्टी उठाने निर्देश दिये। उन्होने समस्त अधिकारियों को 15 जून से पूर्व सभी कार्य कराये जाने के कड़े निर्देश दिये। उन्होंने एनएच–74 काशीपुर बाईपास में कोसी नदी के पर पुल सुरक्षा कार्य हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश परियोजना निदेशक एनएच डिवीजन नजीबाबाद को दिये। उन्होंने सितारगंज रोड पर एनएच में हुए गड्ढे की गहनता से जाँच करते हुए जाँच रिपोर्ट शीघ्रता से उपलब्ध कराने के निर्देश एनएच के अभियंताओं को दिये। इसके साथ ही उन्होंने काशीपुर बाईपास निर्माण कार्य, एनएच पर गड्ढों आदि की विस्तार से समीक्षा करते हुए महत्त्वपूर्ण दिशा–निर्देश दिये। बैठक में उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, परियोजना निदेशक रूद्रपुर विवेक प्रकाश, योगेन्द्र शर्मा, प्रबन्धक तकनीकी रूद्रपुर अक्षत विष्नोई, इंजीनियर एनएचएआई पीयूष जैन व आरओबी काशीपुर आदि उपस्थित थे।

# आईएमए गेजुएशन सेरेमनी में 40 एसीसी कैडेट्स को मिली स्नातक उपाधि

नगर संवाददाता

देहरादून। आगामी 11 जून को देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में पासिंग आउट परेड होनी है। उससे पहले हर बार की तरह आर्मी कैडेट कॉलेज (एसीसी) की ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। शुक्रवार 3 जून को आईएमए की ऐतिहासिक चेटवुड बिल्डिंग में आयोजित 119वीं ग्रेजुएशन सेरेमनी में इस बार आर्मी कैडेट कॉलेज (एसीसी विंग) के 40 होनहार कैडेट्स को स्नातक की उपाधि से नवाजा गया। आईएमए आर्मी कैडेट कॉलेज (एससी विंग) से ग्रेजुएशन की उपाधि पाने वाले कैडेटों को नई दिल्ली जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा डिग्रियां प्रदान की गईं। उपाधि पाने वालों में विज्ञान के 16 कैडेट और कला वर्ग में 24 स्नातक बने। समारोह की अध्यक्षता परम विशिष्ट सेवा मेडल लेफ्टिनेंट जनरल हरिंदर सिंह ने की। एसीसी में तीन साल के कड़े प्रशिक्षण और पढ़ाई के बाद ये कैडेट्स आइएमए की मुख्यधारा से जुड़ गए हैं। अब एक साल के प्रशिक्षण के बाद ये सेना में बतौर अधिकारी शामिल हो जाएंगे। एसीसी विंग से स्नातक उपाधि पाने वाले 40 कैडट्स में 5 श्रेष्ठ कैडेट्स को गोल्ड, सिल्वर, ब्रॅान्ज और कमांडो कंपनी बैनर से नवाजा गया। आईएमए एकेडमी के एसीसी विंग से स्नातक की उपाधि पाने वाले इन 40 कैडेट्स को अगले एक साल तक आईएमए में फ्री कमीशन का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके बाद यह कैडेट्स पासिंग आउट परेड का हिस्सा बनकर देश की सेना में बतौर अधिकारी शामिल होंगे। आर्मी कैडेट कॉलेज गौर हो कि, आर्मी कैडेट कॉलेज (एसीसी) की पहचान पहले 'दि किचनर कॉलेज' के रूप में वर्ष 1929 में तत्कालीन फील्ड मार्शल बिर्डवुड ने नौगांव (मध्य प्रदेश) में रखी थी। 16 मई 1960 में किचनर कॉलेज आर्मी कैडेट कॉलेज के रूप में कार्य करने लगा, जिसका शुभारंभ तत्कालीन रक्षा मंत्री वीके कृष्णा व जनरल केएस थिमैया ने किया। यहां से पहली ग्रेजुएशन सेरेमनी 10 फरवरी 1961 को हुई। साल 1977 में इस कॉलेज को भारतीय सैन्य अकादमी से अटैच कर दिया गया। इस कॉलेज से पास होकर कैडेट्स आइएमए में जेंटलमेन कैडेट के रूप में प्रशिक्षण लेकर सैन्य अफसर बनते हैं। आईएमए में ग्रेजुएशन सेरेमनी के दौरान आर्मी कैडेट कॉलेज की चौंपियन कारगिल कंपनी को कंपनी कमांडेंट बैनर से सम्मानित किया गया। ये कंपनी बैनर, खेल, शिक्षा, शिविर, वाद विवाद और इंटीरियर जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले को दी जाती है।



# मोदी के 8 साल बेमिसाल, गरीब कल्याण सेवा सुशासन, यही है विकास का मूल मंत्रः रघुवीर

गोपेश्वर, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। केंद्र सरकार नरेंद्र मोदी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर गोपेश्वर में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह बिष्ट ने प्रेस वार्ता कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार इस विचारधारा से सरकारों को चलाती है कि जनता की सरकार जनता के लिए समर्पित है। इसका जीता जाता उदाहरण देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में गरीब कल्याण की अनेकों योजनाएं चलाकर गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए अंत्योदयी प्रयत्न हुए है किसी भी समृद्ध साली राष्ट्र को बनाने के लिए सर्वप्रथम देश में जनता का आर्थिक स्तर, सामाजिक स्तर, शैक्षिक स्तर, का समान रूप से विकास कुमार नितांत आवश्यक है। इतना ही नहीं देश समृद्ध हो इसके लिए हर हाथ को काम और हर काम को हाथ की आवश्यकता होती है। आज भारत विश्व में उभरते हुए महाशक्ति के रूप में आगे बढ़ना है भारत की अर्थव्यवस्था एवं विकास की दर विश्व में मंदी के दौर में भी सबसे मजबूत है। गरीब कल्याण की अनेकों योजनाएं आज पूरे भारतवर्ष में चल रही है और इन 8 वर्षों में सुशासन का उदाहरण यह है कि देश के किसी भी मंत्री अथवा बड़े ओहदे पर बैठे व्यक्ति पर भ्रष्टाचार का लेश मात्र भी दाग नहीं है। किसानों के लिए सोशल हेल्थ कार्ड बनाकर किसान बीमा फसल बीमा आदि योजनाओं से किसानों को संरक्षित एवं सुव्यवस्थित किया गया है। गरीबी रेखा से नीचे यापन करने वाले महिलाओं के लिए उज्जवला गैस कनेक्शन किसान पेंशन विधवा पेंशन वृद्धा पेंशन विकलांग पेंशन एवं अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के छात्र छात्राओं के लिए दी जाने वाली धन राशि में दुगनी वृद्धि हुई है। जहां पहले समाज कल्याण मे करोड़ों रुपए के घोटाले सुनने में आते थे आज डीबीटी के माध्यम से सीधे यह धनराशि लाभार्थी के खाते में जा रही है। इतना ही नहीं भूतपूर्व सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन देकर उनका सम्मान बढ़ाया है आज रक्षा क्षेत्र में अनेकों आमूलचूण परिवर्तन किए गए हैं आज देश में ही अस्त्र शस्त्रों का निर्माण हो रहा है। जिससे एक तरफ देश की बेरोजगारी कम हो रही है। वही देश समृद्ध शादी भी हो रहा है आज देश में चारों ओर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण तेजी से हो रहा है तो वह आजादी के बाद पहली बार पहाड़ों पर भी ट्रेन चलाने की कल्पना साकार हो रही है। बेरोजगार युवक उनके ले मुद्रा बैंकिंग योजना स्टार्टअप योजना एवं स्टैंड अप योजना चलाई जा रही है ओर समृद्ध शाली राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह बिष्ट, कर्नल एचएस रावत, सतेश्वरी टम्टा व प्रकाश नौटियाल आदि उपस्थित थे।

# चरस तस्करी करता युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

हल्द्वानी, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। नैनीताल की वनफूलपुरा पुलिस ने चरस तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर के कब्जे से 1 किलो 50 ग्राम चरस बरामद हुई। तस्कर चरस की तस्करी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के कैरी बैग में रखकर करता था। इससे किसी को शक भी नहीं होता था। आरोपी पहाड़ से चरस लाकर हल्द्वानी में सप्लाई करता था।

वनफूलपुरा पुलिस की गिरफ्त में आया चरस तस्कर ने पूछताछ में बताया कि चरस को पहाड़ से लाकर हल्द्वानी में सप्लाई करने का काम करता है। वनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर तस्कर को रंगेहाथ पकड़ने की योजना बनाई गई। इसके लिए एक पुलिस कर्मी को ग्राहक बनाकर तस्कर के पास भेजा गया। तस्कर ने ग्राहक को स्लाटर हाउस के पास बुलाया, जिसके बाद चरस देते हुए टीम ने रंगेहाथ तस्कर को गिरफ्तार किया। तस्कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के कैरी बैग में रखकर चरस की तस्करी करता था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आसिफ खान निवासी रोडवेज डिपो थाना काठगोदाम बताया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

# क्लिपिंग को कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ साजिश बताया



देहरादून, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मीडिया की उस क्लिपिंग को कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ साजिश बताया है जिसमें चम्पावत विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी निर्मला गहतोडी को यह कहते दिखाया गया है कि मैं अकेले चुनाव लड रही थी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा की ओर से जारी बयान में प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि ने कहा कि सोशल मीडिया में जारी मीडिया क्लिपिंग में कांग्रेस प्रत्याशी को यह कहते दिखाया गया है कि वे अकेले ही चुनाव लड रही थी तथा कांग्रेस के किसी भी नेता ने उनका साथ नहीं दिया जबकि कांग्रेस प्रत्याशी निर्मला गहतोडी ने इस मीडिया क्लिपिंग को झूठा प्रचार बताते हुए उन्हें तथा पार्टी नेताओं को बदनाम करने की साजिश बताते हुए कहा कि उनके बयान को तोड–मरोड कर एडिट किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेसजनों ने एकजुट होकर पूरी ताकत से चुनाव लड़ा, जबकि भाजपा ने सरकारी मशीनरी के भरोसे चुनाव जीता है। राजीव महर्षि ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने भी झूठी मीडिया क्लिपिंग की जानकारी मीडिया को देते हुए स्पष्ट किया कि कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा ऐसा कोई बयान नहीं दिया गया यह मात्र कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने की शरारती साजिश है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सोशल मीडिया मे चल रही इस मीडिया क्लिपिंग की साजिश का पर्दाफास करेगी तथा ऐसा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी।

# देहरादून





livecrimepatrol@gmail.com

क्राइम पेट्रोल

शनिवार 04 जून 2022, देहरादून।




## मंडुवे के उत्पादों से बने स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टार्टअप स्वागत योग्य कदमः गणेश जोशी

क्राइम पेट्रोल संवाददाता



देहरादून। कृषि मंत्री, गणेश जोशी आज सर्वेचौक स्थित ''दून स्पाईस रेस्टोरेंट, पहाड़ का स्वाद मंडुवे के साथ'' का उद्घाटन करने पहुंचे। कृषि मंत्री ने रेस्टोरेंट संचालक चमोली के सुभाष रतूड़ी के प्रयास की सराहना की। इस दौरान कृषि मंत्री ने रेस्टोरेंट में बने मंडुवे के बने बिस्कुट, सैंडविच तथा कोदे की कॉफी का स्वाद भी लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य के पारम्परिक उत्पाद यहां की पहचान के तौर पर स्थापित होने चाहिए। यह बात मैं सिर्फ पहाड़ी होने के मोहभाव के वसीभूत हो कर ही नहीं कह रहा हूं। बल्कि आज वैज्ञानिक तौर पर भी यह पाया जा रहा है कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में उगने वाले 'मिलेट' (मोटे अनाज) मानव स्वास्थ्य के अत्यंत लाभदायक और फाइबर, प्रोटीन, आयरन से भरपूर हैं। ऐसे में सुभाष रतूड़ी का यह स्टार्टअप सराहनीय कदम है। इससे जहां लोगों पौष्टिकता से भरपूर आधुनिक फैशनेबल फूड आईटम उपलब्ध होंगे वहीं पर्वतीय कृषकों के उत्पादों को नया बाजार भी मिलेगा। मूलतः चमोली जनपद के सुभाष रतूड़ी ने बताया कि वह पूर्व में एक सैफ रह चुके हैं और देश तथा विदेशों में कई नामी कम्पनियों की पांच सितारा प्रापर्टीज में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं। अब वह पर्वतीय उत्पादों की यूएसपी को प्रयोग कर युवा वर्ग को भाने वाले मोमो, बर्गर, सेंडविच, कॉफी, सेक इत्यादि अधुनिक तथा फैशनेबल माने जाने वाले फूड आईटम को मंडुवे, झंगोरे तथा कोदे से बना कर पेश कर रहे हैं। वह चाहते हैं कि राज्य सरकार के विभिन्न दफ्तरों में कोदे की कॉफी तथा कोदे की चाय को अनिवार्य किया जाए। जिससे पहाड़ के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। कश्मीर का काहवा अगर इतना प्रसिद्ध हो सकता है तो उत्तराखण्ड की कोदे की चाय क्यों नहीं। इस अवसर पर भाजपा श्रीदेवसुमन मंडल अध्यक्ष पूनम नौटियाल, रविन्द्र जुगरान तथा अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

## धार्मिक मुद्दे उछालकर तुष्टीकरण की राजनीति कर रही कांग्रेसः चौहान

देहरादून, नगर संवाददाता। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस धर्म स्थलों का मुद्दा बनाकर तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के बयांन पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि सामान अचार संहिता हो या अवैध निर्माण को हटाने की बात, कांग्रेस हर समय राजनीतिक नफा नुकसान पर उतर जाती है और इसके लिए वह तुष्टीकरण का खेल खेलती रही है। उन्होंने कहा कि कांगेस राम के अस्तित्व को नकारने वाली पार्टी है। जबकि भाजपा सभी का साथ और सबका विकास वाले फार्मूले पर बात करती है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार किसी को चिन्हित कर कार्यवाही नहीं कर रही, बल्कि अवैध निर्माण को चिन्हित कर रही है। कांग्रेस को वैमनष्यता को फैलाने के बजाय परस्पर सद्भाव की कोशिश करनी चाहिए। चौहान ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के बयांन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आर्य पूरे 5 साल भाजपा को हर मंच पर सैद्धांतिक, हर वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले और अनुशासित पार्टी होने की बात कहते रहे। पार्टी ने भी आर्य को पूरा सम्मान दिया। लेकिन अब उनके लिए भाजपा बुरी पार्टी हो गई। उन्हें खुद तय करना चाहिए कि वह पहले सच बोल रहे थे या अब। चौहान ने कहा कि कांग्रेस को चंपावत में जनता ने जो जवाब दिया वह उसके लिए मंथन करने के लिए है। कांग्रेस तमाम तरह के जातीय, धार्मिक विद्वेष फैलाकर राजनीति करने की कोशिश कर रही है और इससे उसे लगातार नुकसान हो रहा है। चंपावत में जनता ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ऐतिहासिक जीत देते हुए कांग्रेस की जमानत जब्त कर उसे स्पस्ट संदेश दे दिया है। कांग्रेस अपने यहाँ चल रही गुटबाजी से ध्यान हटाने के लिये ऐसे शिगूफे छोड़ती रही है।


## चारों धामों में अपशिष्ट निस्तारण को लेकर मंत्री ने अधिकारियों को दिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश

नगर संवाददाता

देहरादून। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने चारों धामों में अपशिष्ट निस्तारण के संबंध में वर्चुअली बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उत्तराखंड की चारधाम यात्रा में देश विदेश से तीर्थ यात्री आते हैं। ऐसे में वहां अपशिष्ट निस्तारण के लिए ठोस और कारगर योजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि तीथ स्थलों पर यहां वहां गंदगी डालने वालों को ऐसा न करने के लिए जागरूक किया जाए। साथ ही सोशल मीडिया व अन्य जरूरी साधनों के माध्यम से लोगों से कूड़ा सही जगह पर डालने के लिए जागरूक भी किया जाए।

उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद गढ़ी कैंट से की गई वर्चुअल बैठक में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चारों धामों में कूड़े के निस्तारण के लिए सरकारी स्तर पर मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही पर्यटकों से अपील की जाए कि अपशिष्ट को कूड़ेदान में ही डालें। इधर उधर सड़कों पर गंदगी न फैलाएं। अधिकारियों ने पर्यटन मंत्री को अवगत कराण कि प्रशासन के स्तर पर दुकानों, सार्वजनिक जगहों पर लाउडस्पीकर के जरिए लोगों को कूड़ा न फैलाने और कूड़े को कूड़ेदान में डालने के लिए अपील करते हुए जागरूक किया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि कूड़ा निस्तारण को लेकर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर लें पर्यावरण संरक्षण का संकल्पः वृक्षमित्र डा. सोनी




नगर संवाददाता

देहरादून। पर्यावरण दिवस की पूर्व दिवस पर राजकीय इण्टर कालेज मरोडा सकलाना में प्रवक्ता भूगोल के पद पर कार्यरत वृक्षमित्र नाम से मशहूर शिक्षक डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस की महात्त्वता व उद्देश्यों पर देहरादून आशिमा विहार से ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यवक्ता मुकेश रावत पत्रकार थत्यूड़ व वीरेंद्र वर्मा पत्रकार कैम्पटी तथा हरिद्वार से पवन कुमार थे। पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने कहा विश्व पर्यावरण दिवस का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन व वृहद पौधारोपण कर पर्यावरणीय संतुलन बनाने का हैं। लेकिन मनुष्य ने अपने भोगवादी प्रवित्ति के कारण इनका दोहन करना सुरु कर दिया जिसके कारण आज जलवायु में परिवर्तन देखने को मिल रहा हैं। समय रहते हमने इन असुलतनल कारकों को नही रोका तो आनेवाले समय में इसके गंभीर परिणाम मानव व प्राणी जीवन को भूकतने पड़ेंगे। हमें धरातल पर बदलते परिवेश को देखते हुए विश्व पर्यावरण दिवस की महत्व व उद्देश्यों को समझना होगा तभी पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से हम खुश व सुरक्षित रह पाएंगे। मुकेश रावत पत्रकार थत्यूड़ ने अपने सम्बोधन में कहा जीवन एक अनमोल हैं इसकी सार्थकता तब सिद्ध होगी जब हम इसका लाभ अपने आनेवाली पीढ़ी को दे पाएंगे। वर्तमान में जिस तरह वातावरणीय असंतुलन हो रहा है उसके दोषी कही ना कही हम है जो प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रहे हैं। आज जरूरत है इन्हें बचाने की तभी हम व हमारा समाज सुरक्षित रहेगा। वीरेंद्र वर्मा पत्रकार कैम्पटी ने कहा समाज को सृजन करने में युवा पीढ़ी की अहम भूमिका हैं उन्हें तत्प्रता से इसकी जिम्मेदारी लेनी होगी। आज हम पर्यावरण बचाने की बात नही कर रहे हैं बल्कि अपने जीवन व आनेवाले पीढ़ी के भविष्य को बचाने की बात कर रहे हैं। हमे अपने जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए समाज को स्वच्छ, सुंदर व पौधारोपण कर जन जन को जागरूक व प्रेरित करना होगा तभी एक अच्छा समाज का निर्माण होगा। पवन कुमार ने विश्व पर्यावरण दिवस पर प्राकृतिक संसाधनों को बचाने का संकल्प लेनी की बात कही। कार्यक्रम में दीपक नेगी, दीपक हटवाल, आशा, साक्षी, प्रवीन रावत, अंकित मनवाल, अंकित नेगी, हरीश सेन्द्री, सागर नेगी, जसपाल सिंह, राहुल आदि सम्मलित हुए।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक प्रवीन भारद्वाज द्वारा दून हाइट्स पब्लिकेशन, 12 किशनपुर राजपुर रोड, देहरादून से मुद्रित एवं 20 दिलाराम बाजार देहरादून, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। क्राइम पेट्रोल सांध्य दैनिक सम्पादक प्रवीन भारद्वाज मो. 9837625470, फैक्स : 0135-2740155 नोटः- समस्त विवादों का न्यायालय देहरादून क्षेत्र होगा।